# छत्तीसगढ़ विधानसभा

## पत्रक भाग-एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा    प्रथम सत्र    अंक-01

**रायपुर, सोमवार, दिनांक 6 जनवरी, 2014**

**(पौष-16, शक संवत 1935)**

विधान सभा पूर्वाह्न 11.03 बजे समवेत हुई ।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए।)**

### 1. राष्ट्रगीत

**वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

### 2.चतुर्थ विधान सभा के सदस्यों का स्वागत तथा एक मिनट का मौन

माननीय अध्यक्ष ने चतुर्थ विधान सभा के सदस्यों का स्वागत किया तथा कार्यवाही प्रारंभ करने के पूर्व स्थापित परंपरानुसार सदन द्वारा खड़े होकर एक मिनट का मौन धारण किया गया ।

### 3.छत्तीसगढ़ की चतुर्थ विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची का पटल पर रखा जाना

माननीय अध्यक्ष के आदेश के अनुसरण में प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना क्रमांक 308/छ.ग.-वि.स./2013, दिनांक 11 दिसम्बर, 2013 जिसमें छत्तीसगढ़ की चतुर्थ विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची दी गई है, पटल पर रखी गई ।

## 4.सभापति तालिका की घोषणा

माननीय अध्यक्ष द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट किया गया :-

1. श्री बद्रीधर दीवान
2. श्री देवजी भाई पटेल
3. श्री सत्यनारायण शर्मा

## 5.शपथ/प्रतिज्ञान

माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को सूचित किया गया कि - परंपरानुसार सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री, जो सदन के नेता हैं, शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे । तत्पश्चात् कांग्रेस दल के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्य, सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट सदस्यगण शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे । इनके बाद शेष माननीय सदस्यगण प्रमुख सचिव, विधान सभा द्वारा क्रमशः निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक के अनुसार नाम पुकारे जाने पर, मेरे सामने आकर शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे और प्रमुख सचिव, विधान सभा की मेज पर रखी सदस्य नामावली पर अपने हस्ताक्षर करेंगे।

जो माननीय सदस्य नाम पुकारे जाने पर अनुपस्थिति के कारण शपथ नहीं ले सकेंगे या प्रतिज्ञान नहीं कर सकेंगे, वे अंत में पुनः नाम पुकारे जाने पर शपथ ले सकेंगे या प्रतिज्ञान कर सकेंगे।

सदस्यों ने निम्नलिखित क्रम में शपथ/प्रतिज्ञान लिया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर कर सभा में अपना स्थान ग्रहण किया :-

**मुख्यमंत्री**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ.रमन सिंह | 75-राजनांदगांव | |

**नेता प्रतिपक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | श्री टी.एस.बाबा | 10-अम्बिकापुर | (प्रतिज्ञान) |

**मंत्रिमंडल के सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | श्री अजय चंद्राकर | 57-कुरूद | |
| 4. | श्री अमर अग्रवाल | 30-बिलासपुर | (प्रतिज्ञान) |
| 5. | श्री बृजमोहन अग्रवाल | 51-रायपुर नगर दक्षिण | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | श्री केदार कश्यप | 84-नारायणपुर (अ.ज.जा.) | (संस्कृत में शपथ) |
| 7. | श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय | 65-भिलाई नगर | |
| 8. | श्री पुन्नूलाल मोहले | 27-मुंगेली (अ.जा.) | (छत्तीसगढ़ी में प्रतिज्ञान) |
| 9. | श्री राजेश मूणत | 49-रायपुर नगर पश्चिम | |
| 10. | श्री रामसेवक पैकरा | 06-प्रतापपुर (अ.ज.जा.) | |
| 11. | श्रीमती रमशिला साहू | 63-दुर्ग ग्रामीण | |

**सभापति तालिका के सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | श्री बद्रीधर दीवान | 31-बेलतरा | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 13. | श्री देवजी भाई पटेल | 47-धरसीवा | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |

**सदस्य (निर्वाचन क्षेत्र के क्रम से)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | श्रीमती चंपा देवी पावले | 01-भरतपुर-सोनहट (अ.ज.जा.) | |
| 15. | श्री श्याम बिहारी जाससवाल | 02-मनेन्द्रगढ़ | |
| 16. | श्री भैया लाल राजवाड़े | 03-बैकुंठपुर | |
| 17. | श्री खेलसाय सिंह | 04-प्रेमनगर | |
| 18. | श्री पारस नाथ राजवाडे | 05-भटगांव | |
| 19. | श्री बृहस्पत सिंह | 07-रामानुजगंज (अ.ज.जा.) | |
| 20. | डॉ. प्रीतम राम | 08-सामरी (अ.ज.जा.) | |
| 21. | श्री चिन्तामणी महाराज | 09-लुण्ड्रा (अ.ज.जा.) | (संस्कृत में शपथ) |

## 6. अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि अध्यक्षीय दीर्घा में डॉ.चरणदास महंत, केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार एवं श्री अजीत जोगी, भूतपूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ उपस्थित हैं, सदन उनका हार्दिक स्वागत करता है ।

## 7.शपथ/प्रतिज्ञान (क्रमशः)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | श्री अमरजीत भगत | 11-सीतापुर (अ.ज.जा.) | |
| 23. | श्री राजशरण भगत | 12-जशपुर (अ.ज.जा.) | |
| 24. | श्री रोहित कुमार साय | 13-कुनकुरी (अ.ज.जा.) | |
| 25. | श्री शिवशंकर पैकरा | 14-पत्थलगांव (अ.ज.जा.) | |
| 26. | श्रीमती सुनीती सत्यानंद राठिया | 15-लैलूंगा (अ.ज.जा.) | |
| 27. | श्री रोशन लाल | 16-रायगढ | |
| 28. | श्रीमती केराबाई मनहर | 17-सारंगढ (अ.जा.) | |
| 29. | श्री उमेश पटेल | 18-खरसिया | |
| 30. | श्री लालजीत सिंह राठिया | 19-धरमजयगढ़ (अ.ज.जा.) | |
| 31. | श्री श्याम लाल कंवर | 20-रामपुर (अ.ज.जा.) | |
| 32. | श्री जयसिंह अग्रवाल | 21-कोरबा | |
| 33. | श्री लखन देवांगन | 22-कटघोरा | |
| 34. | श्री उइके रामदयाल | 23-पाली-तानाखार (अ.ज.जा.) | |
| 35. | श्री अमित अजीत जोगी | 24-मरवाही (अ.ज.जा.) | |
| 36. | डॉ. श्रीमती रेणु जोगी | 25-कोटा | |
| 37. | श्री तोखन साहू | 26-लोरमी | |
| 38. | श्री राजू सिंह क्षत्री | 28-तखतपुर | |
| 39. | श्री सियाराम कौशिक | 29-बिल्हा | |
| 40. | श्री दिलीप लहरिया | 32-मस्तुरी (अ.जा.) | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 41. | श्री चुन्नीलाल साहू | 33-अकलतरा | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 42. | श्री मोतीलाल देवांगन | 34-जांजगीर-चांपा | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 43. | डॉ. खिलावन साहू | 35-सक्ती | |
| 44. | श्री युद्धवीर सिंह जूदेव | 36-चन्द्रपुर | |
| 45. | श्री केशव चन्द्रा | 37-जैजेपुर | |
| 46. | श्री अम्बेश जांगडे | 38-पामगढ (अ.जा.) | |
| 47. | श्री रामलाल चौहान | 39-सराईपाली (अ.जा.) | |
| 48. | श्रीमती रूपकुमारी चौधरी | 40-बसना | |
| 49. | श्री चुन्नी लाल साहू | 41-खल्लारी | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 50. | डॉ. विमल चोपड़ा | 42-महासमुन्द | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 51. | डॉ. सनम जांगड़े | 43-बिलाईगढ़ (अ.जा.) | |
| 52. | श्री गौरीशंकर अग्रवाल | 44-कसडोल | |
| 53. | श्री जनकराम वर्मा | 45-बलौदाबाजार | |
| 54. | श्री शिवरतन शर्मा | 46-भाटापारा | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 55. | श्री श्रीचंद सुंदरानी | 50-रायपुर नगर (उत्तर) | |
| 56. | श्री नवीन मारकण्डेय | 52-आरंग (अ.जा.) | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 57. | श्री धनेन्द्र साहू | 53-अभनपुर | |
| 58. | श्री संतोष उपाध्याय | 54-राजिम | |
| 59. | श्री गोवर्धन सिंह मांझी | 55-बिन्द्रानवागढ़ (अ.ज.जा.) | |
| 60. | श्री श्रवण मरकाम | 56-सिहावा (अ.ज.जा.) | |
| 61. | श्री गुरूमुख सिंह होरा | 58-धमतरी | (छत्तीसगढ़ी में प्रतिज्ञान) |
| 62. | श्री भैया राम सिन्हा | 59-संजारी बालोद | |
| 63. | श्रीमती अनिला भेंडिया | 60-डौंडीलोहारा (अ.ज.जा.) | |
| 64. | श्री राजेन्द्र कुमार राय | 61-गुण्डरदेही | |
| 65. | श्री भूपेश बघेल | 62-पाटन | |
| 66. | श्री अरूण वोरा | 64-दुर्ग शहर | |
| 67. | श्री विद्यारतन भसीन | 66-वैशाली नगर | |
| 68. | श्री राजमहंत सांवला राम डाहरे | 67-अहिवारा (अ.जा.) | |
| 69. | श्री लाभचन्द बाफना | 68-साजा | |
| 70. | श्री अवधेश सिंह चन्देल | 69-बेमेतरा | |
| 71. | श्री दयाल दास बघेल | 70-नवागढ़ (अ.जा.) | |
| 72. | श्री मोतीराम चन्द्रवंशी | 71-पंडरिया | |
| 73. | श्री अशोक साहू | 72-कवर्धा | |
| 74. | श्री गिरवर जंघेल | 73-खैरागढ़ | |
| 75. | श्रीमती सरोजनी बंजारे | 74-डोंगरगढ़ (अ.जा.) | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 76. | श्री दलेश्वर साहू | 76-डोंगरगांव | |
| 77. | श्री भोलाराम साहू | 77-खुज्जी | |
| 78. | श्रीमती तेज कुंवर गोवर्धन नेताम | 78-मोहला-मानपुर (अ.ज.जा.) | (छत्तीसगढ़ी में शपथ) |
| 79. | श्री विक्रम उसेंडी | 79-अंतागढ़ (अ.ज.जा.) | |

| | | |
|---|---|---|
| 80. | श्री मनोज सिंह मंडावी | 80-भानुप्रतापपुर (अ.ज.जा.) |
| 81. | श्री शंकर ध्रुवा | 81-कांकेर (अ.ज.जा.) |
| 82. | श्री संतराम नेताम | 82-केशकाल (अ.ज.जा.) |
| 83. | श्री मोहन मरकाम | 83-कोन्डागांव (अ.ज.जा.) |
| 84. | श्री बघेल लखेश्वर | 85-बस्तर (अ.ज.जा.) |
| 85. | श्री संतोष बाफना | 86-जगदलपुर |
| 86. | श्री दीपक बैज | 87-चित्रकोट (अ.ज.जा.) |
| 87. | श्रीमती देवती कर्मा | 88-दन्तेवाड़ा (अ.ज.जा.) |
| 88. | श्री महेश गागड़ा | 89-बीजापुर (अ.ज.जा.) |
| 89. | श्री कवासी लखमा | 90-कोन्टा (अ.ज.जा.) |

## 8. अध्यक्ष का निर्वाचन

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि - "विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबधी नियमावली के नियम 7 के उप नियम (1) एवं (2) के अंतर्गत अध्यक्ष चुने जाने के लिए माननीय सदस्य, श्री गौरीशंकर अग्रवाल हेतु पृथक-पृथक प्रस्तावकों की ओर से 6 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

प्रथम सूचना का प्रस्ताव डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री एवं समर्थन श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री के द्वारा, द्वितीय सूचना का प्रस्ताव श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री एवं समर्थन श्री संतोष उपाध्याय, सदस्य द्वारा, तृतीय सूचना का प्रस्ताव श्रीमती रमशिला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं समर्थन श्री राजमहंत सांवला राम डाहरे, सदस्य द्वारा, चतुर्थ सूचना का प्रस्ताव श्री महेश गागड़ा, सदस्य एवं समर्थन श्री दयालदास बघेल, सदस्य द्वारा, पंचम सूचना का प्रस्ताव श्री विक्रम उसेंडी, सदस्य, एवं समर्थन श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री द्वारा तथा षष्ठम् सूचना का प्रस्ताव श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री एवं समर्थन श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री द्वारा किया गया है।

प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 7 के उप नियम (4) के अंतर्गत मैं, प्राप्त प्रस्तावों को एक-एक करके उसी क्रम में लूंगा, जिस क्रम में वे प्रस्तुत किए गए हैं तथा किसी प्रस्ताव के स्वीकृत होने के उपरांत शेष बचे प्रस्तावों को प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 7 के उप नियम (4) के अंतर्गत प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।"

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया - **"श्री गौरीशंकर अग्रवाल, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाए ।"**

श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्ताव का समर्थन किया गया ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा श्री गौरीशंकर अग्रवाल को इस विधान सभा का विधिवत् निर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया तथा उनके विधान सभा के अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर बधाई दी गई ।

(मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह एवं भा.रा.कां. विधायक दल के नेता श्री टी.एस.बाबा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को ससम्मान आसंदी तक ले गये ।)

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)**

नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर सदन का आभार प्रकट करते हुए उद्‌गार प्रकट किए ।

## 9. अध्यक्षीय उद्‌गार

माननीय सभासदों, हमारे अपने राज्य छत्तीसगढ़ की सर्वोच्च निर्वाचित सभा में लोक कल्याण के कार्यों को सम्पादित करने एवं इस विकासशील राज्य की दशा एवं दिशा निर्धारित करने हेतु प्रदेश की लगभग 2 करोड़ 50 लाख जनता ने आपके प्रति विश्वास प्रकट करते हुए इस राज्य के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस अवसर पर मैं सबसे पहले इस प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं और इस सभा के माध्यम से यह विश्वास दिलाता हूं कि यह सभा इसके प्रत्येक सदस्य के माध्यम से इस प्रदेश की लगभग 2 करोड़ 50 लाख जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने में अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रयास करेगी।

इस अवसर पर मैं आप सबको अपनी ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। मैं, इस सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री माननीय डॉ.रमन सिंह एवं नेता कांग्रेस दल, माननीय श्री टी.एस.बाबा को भी ह्दय से बधाई देता हूं, जिन्हें इस प्रजातांत्रिक संस्था के उच्च पदों पर आसीन होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

आज का दिन मेरे सार्वजनिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और गौरवशाली दिन है। आप सभी ने इस आसंदी पर जिस विश्वास के साथ सर्वसम्मति से मुझे पीठासीन किया है और आपने मेरे प्रति जो आस्था प्रकट की है, मैं, आपके प्रति इस अवसर पर कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं और यह विश्वास दिलाता हूं कि अपने कार्यों के सम्पादन के

दौरान मेरे मन-मस्तिष्क में दलीय प्रतिबद्धता अथवा अन्य कोई भी कारक विचार में नहीं रहेगा, सिवाय इसके कि इस सभा की कार्यवाही का संचालन पूर्ण निष्पक्षता एवं सहृदयता के साथ सम्पादित करूं।

आपने इस सर्वोच्च प्रजातांत्रिक संस्था की अध्यक्षता करने के लिये जो विश्वास प्रकट किया है, मैं सदैव उसे अक्षुण्ण बनाये रखने का प्रयत्न करूंगा।

वस्तुतः सदन के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष प्रजातांत्रिक व्यवस्था के दो पहिये हैं और सभा की कार्यवाही के संचालन में आप दोनों की ही भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मेरा यह विश्वास है कि प्रदेश की यह सर्वोच्च जनप्रतिनिधि संस्था आप दोनों के अनुभवों और परिपक्व वैचारिक धरातल से उच्च मापदण्डों को प्राप्त करेगी।

इस सदन में पक्ष एवं प्रतिपक्ष में संसदीय विधा में पारंगत अनेक सदस्य निर्वाचित होकर आये हैं, जिन्हें इस सदन में लम्बी अवधि तक प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है, उनके संसदीय ज्ञान एवं अनुभवों का लाभ इस सदन को अवश्य मिलेगा और उनके संसदीय ज्ञान और अनुभवों से नवनिर्वाचित सदस्य भी प्रेरणा लेंगे।

वस्तुतः यह सदन तो आप सब माननीय सदस्यों के माध्यम से ही संचालित होता है। मेरा संसदीय ज्ञान एवं अनुभव, सदन के नेता एवं वरिष्ठ अनुभवी सदस्यों के जितना गहरा एवं दीर्घ तो नहीं है, किंतु इस सदन ने पिछले वर्षों में जो गरिमा अपने सम्पादित कार्यों से स्थापित की है और इस आसंदी ने जो मापदण्ड निर्धारित किये हैं, मैं, आपको यह विश्वास दिलाता हूं और मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि आप सबके सहयोग से इस सभा एवं इस आसंदी का सम्मान न केवल अक्षुण्ण बना रहे अपितु इसकी गरिमा में वृद्धि हो।

यह सभा वस्तुतः विचार-विमर्श का एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं को पूरे प्रदेश में संचालित किया जाता है और जब हम जनकल्याण के बारे में सोचते हैं तो राजनीतिक प्रतिबद्धताएं गौण हो जाती है। मेरा विश्वास है कि जनकल्याण के कार्यक्रमों को अंजाम देने के लिये आम सहमति का जो वातावरण इस सदन में स्थापित हुआ है, वह अब और अधिक सुदृढ़ होगा।

इस सभा के अध्यक्ष के रूप में मैं, अपने दायित्वों के निर्वहन में कितना सफल होऊंगा, यह तो अभी मैं नहीं जानता, किंतु मैं इस सदन को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस आसंदी की गरिमा एवं प्रतिष्ठा पल्लवित हो, इस हेतु मैं, दृढ़ संकल्पित हूं।

मेरा यह प्रयास रहेगा कि इस सभा के माध्यम से समस्त माननीय सदस्यों को जन-समस्याओं को रखने का पर्याप्त अवसर मिले और यह सभा प्रदेश की सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के कार्यों की पूर्ति का एक सशक्त माध्यम हो।

आप सबका एक बार पुनः अभिनंदन के साथ मैं, आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, कांग्रेस विधायक दल के नेता-श्री टी.एस.बाबा, संसदीय कार्य मंत्री-श्री अजय चंद्राकर सदस्य-श्री सत्यनारायण शर्मा, राजस्व मंत्री-श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, कृषि मंत्री-श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य-डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री शिवरतन शर्मा, भूपेश बघेल, बद्रीधर दीवान, अमरजीत भगत, नवीन मारकण्डेय, देवजी भाई पटेल।

(माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि कार्यसूची के पदक्रम 5 का कार्य पूर्ण होने तक सदन की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी.)

सर्वश्री अमित अजीत जोगी, धनेन्द्र साहू, (डा.) विमल चोपड़ा, केशव चन्द्रा, बृहस्पत सिंह, अरूण वोरा, मनोज सिंह मण्डावी एवं मोहन मरकाम, सदस्य ने भी इस अवसर पर अध्यक्ष को बधाई दी तथा उद्‌गार प्रकट किए ।

## 10. मुख्य प्रतिपक्ष दल तथा नेता प्रतिपक्ष की घोषणा

माननीय अध्यक्ष द्वारा निम्न घोषणा की गई :-

" चतुर्थ विधान सभा में प्रतिपक्ष दलों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है तथा गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्यों की संख्या में है, इसलिए मैं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को सदन का मुख्य विपक्षी दल और उसके नेता श्री टी.एस.बाबा को प्रतिपक्ष का नेता घोषित करता हूँ ।"

## 11. नाम-निर्देशित समितियों का गठन

अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि - विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 203(1) एवं 232(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं निम्नानुसार समितियों के लिए सदस्यों को वर्ष 2014-2015 की अवधि में सेवा करने के लिये तथा नियमावली के नियम 180 के उप नियम (1) के अधीन समिति में उनके सभापति को नियुक्त करता हूँ :-

### कार्यमंत्रणा समिति

1. डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री
2. श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री
3. श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री
4. श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
5. श्री टी.एस.बाबा, नेता प्रतिपक्ष, विधान सभा

6. श्री भूपेश बघेल
7. श्री सत्यनारायण शर्मा
8. डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

1. श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री
2. श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री
3. श्री उईके रामदयाल
4. श्री धनेन्द्र साहू
5. श्री खेलसाय सिंह

अध्यक्ष, विधान सभा उक्त समिति के पदेन सभापति होंगे ।

**सदस्य सुविधा एवं सम्मान समिति**

1. श्री युद्धवीर सिंह जूदेव
2. श्री भैयालाल राजवाड़े
3. श्री दयालदास बघेल
4. श्री महेश गागड़ा
5. श्रीमती रुपकुमारी चौधरी
6. श्री कवासी लखमा
7 श्री गुरुमुख सिंह होरा
8. श्री अरूण वोरा
9. श्री मोतीलाल देवांगन

श्री दयालदास बघेल, सदस्य को इस समिति का सभापति नियुक्त किया गया ।

**अपराह्न 1.48 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 7 जनवरी, 2014 (पौष 17, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।**

**देवेन्द्र वर्मा**
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा